## एक नजर में

### माता की ज्योत लाने के लिए पावागढ़ निकले



**बिस्टान निप्र।** बिस्टान समीप बन्हेर आस्था,जोश ,उत्साह और उमंग से लेबरेज स्थानीय 40 से अधिक युवा-श्रद्धालु卐शेरावाली माई की जय卐, 卐पावागढ़ वाली माई की जय卐 के जयकारे लगाते हुए माता की ज्योत लाने के लिए पावागढ़ (गुजरात) के लिए निकले। गुरुवार सुबह इन श्रद्धालुओ द्वारा स्थानीय मंदिरों मे दर्शन पूजा कि गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीण महिला पुरुषों द्वारा एक दूसरे के गले मिलकर, आशीर्वाद देकर इन्हें रवाना किया गया। याद रहे आगामी नवरात्रि पर्व को पूर्ण आस्था और हर्षोल्लास से मनाने के लिए ये श्रद्धालु प्रसिद्ध पावागढ़ मंदिर से दिपक में जलती ज्योति लेकर पैदल यात्रा करते हुए ग्राम में लौटेंगे। प्रचलित मान्यता के अनुसार पवित्र मंदिर से लाई गई जलती ज्योत को माता जगदंबा का साक्षात स्वरूप माना जाता है। नवरात्रि पर्व के दौरान ग्रामीणों द्वारा नवरात्र झांकी पांडालों में पवित्र ज्योति की स्थापना करके हर्षोल्लास भरे माहौल में पूर्ण आस्था और भक्तिभाव से पूजा अर्चना करके 9 दिवसीय त्योहार धूमधाम से मनाया जाता हैं।

### नवरात्र पर्व की तैयारियां शुरू



**सनावद।** मां दुर्गा के नवरात्रि पर्व की तैयारियां प्रारंभ हो गई है। डाक्टर अधिकारी के क्लिनिक के समीप स्थित पानी की टंकी के पास नवदुर्गा उत्सव की तैयारियां शुरू हो गई है। विगत 40 वर्षों से यहां सार्वजनिक प्रतिमा स्थापना और नव दिवसीय गरबे के आयोजन होते है। यह स्थान नगर का सबसे पुराना और प्रतिष्ठित आयोजनों में से एक है। इस वर्ष उत्सव 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। जिसमें नगर के विभिन्न मोहल्लों से माता-बहनें, पुरुष बालक बालिका भक्ति भाव के साथ गरबा और आरती में हिस्सा लेंगे। समिति में एकता और सामंजस्य का प्रतीक बनकर पूरे शहर को धार्मिक एकता के सूत्र में पिरोती है। समिति के अध्यक्ष इंदर बिरला, उपाध्यक्ष अमित कोचर, सचिव आनंद मौर्य, कोषाध्यक्ष निखिल जायसवाल, सह-सचिव दुर्गाशंकर पाटीदार, सदस्य सुभाष कोचर संजय पाटीदार, राम सोनी, पंकज मालाकार, दिनेश छापरिया, नीलेश पुनासिया, मयंक धनोते,संतोष जैन,आशीष व्यासऔर दशरथ जायसवाल माता की स्थापना से लेकर विसर्जन तक तन-मन-धन से सहयोग प्रदान करते हैं। महिला मंडल की सदस्य साधना शर्मा, राधिका व्यास, डॉ. वंदना अधिकारी, रश्मि पाटीदार, मानसी पाटीदार, मंजू माली, भागवत सोनी, आशा कोचर, अनीता बिरला, दीप्ति चौधरी, रीना पुनासिया, सीमा छल्लोत्रा और मीनाक्षी पगारे माता रानी के दरबार में अपना सहयोग देकर आयोजन भव्यता से हो इसकी देखरेख करती है। इस वर्ष भी उत्सव के दौरान भक्ति भरे माहौल में नन्हे-मुन्ने बच्चे भी अपनी भागीदारी से कार्यक्रम को और आकर्षक बनाएंगे।

### भाजपा नेता शफीक खान का निधन



**भीकनगांव, निप्र।** भाजपा नेता समाजसेवी व पसमांदा मुस्लिम समाज के जिला महासचिव शफीक खान का 38 वर्ष की अल्प आयु में आकस्मिक ह्रदय गति रुक जाने से मंगलवार रात को निधन हो गया। बुधवार को उन्हें उनके ग्रह ग्राम खोलवा कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में हिंदू व मुस्लिम समाजजनों सहित सभी राजनीतिक दल के नेताओं ने शामिल होकर मृतात्मा को श्रद्धांजलि दी गई।

### सेवानिवृत्त शिक्षक खोड़े का निधन



**खरगोन।** उत्कृष्ट स्कूल के संगीत शिक्षक मुरलीधर खोड़े के पिता एवं सेवानिवृत्त शिक्षक आनंदराव खोड़े का गुरुवार दोपहर निधन हो गया। 87 वर्षीय श्री खोड़े लंबे समय से अस्वस्थ थे। उनके निधन का समाचार मिलते ही समाजजनों सहित शिक्षक जगत में शोक की लहर व्याप्त है। उनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार सुबह 9.30 बजे वल्लभ नगर स्थित गली नंबर-2 से निकाली जाएगी। अंतिम संस्कार नर्मदा तट माकडखेड़ा में होगा।

### आवारा पशुओं की समस्या को लेकर रोष

**सनावद, निप्र।** सनावद शहर के चांदनी पूरा टेंची ग्राउंड पर गंदगी और आवारा पशुओं की समस्या को लेकर स्थानीय जनता में भारी असंतोष और आक्रोश था। इस मुद्दे पर शिकायत दर्ज होने के बाद नगरपालिका ने त्वरित कार्रवाई की। नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि इंदर बिरला और मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने मौके पर उपस्थित होकर जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर के साथ कर्मचारियों को सफाई कार्य के लिए निर्देशित किया। इस व्यवस्थित कार्य से क्षेत्र की सफाई हुई, जिससे चांदनीपुरा की जनता ने संतुष्टि जताई और नगरपालिका के प्रयासों की सराहना की। देर से ही सही, लेकिन इस कार्रवाई ने स्थिति को सुधारने में मदद की, और अब क्षेत्र में सब कुछ सामान्य होने की बात कही जा रही है।

### मां वैष्णवी म्यूजिकल ग्रुप के संचालक मंडल का गठन



**खरगोन, बड़वाह।** कराओके संगीत के द्वारा नवीन गायको को तराशने हेतु संचालन मंडल का गठन किया गया ।इस ग्रुप ने प्रथम कार्यक्रम सुर साम्रागी लताजी की जयंती से शुभारंभ किया। आगामी समय मे सभी पार्श्व गायको की जयंतीयां .पूण्य तिथियां व राष्टीय पर्वो पर रंगारंग प्रस्तुतियां दी जायेगी ।संरक्षक-डा.अरुण चिंचे .अध्यक्ष-प्रवीण श्रीमाली. उपाध्यक्ष-पं.मनोज खेड़े .सचिव- सुनील भालसे .कोषाध्यक्ष- पुष्पेंद्र रावल .मीडिया प्रभारी-डॉ.मनीष बर्वे .सहकोषाध्यक्ष-सुनील जोशी .प्रमुख सदस्य-अलका शर्मा, डा.अवकेश मालवीय को सर्वानुमति से मनोनीत किया है .प्रेरणास्रोत वरिष्ठ कपिल तिवारी गड़बड़ का विशेष सहयोग रहा। इस संगीत ग्रुप मे करिबन 25 कराओके गायककार शामिल है .जो की किशोर दा.रफी सा.मुकेश जी व महेंद्र कपूर सा.व लता मंगेशकर के लोकप्रिय सदाबहार नगमो को प्रस्तुत करते है। प्रति रविवार गायन व नृत्य की रियाज संगीता लय नावघाट खेड़ी मे की जायेगी। बैठक पश्चात सभी पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की। इस गठन पर प्राचार्य गौरी शंकर शर्मा .बीआरसी महेश कनासे .हेमंत सिटोले .सत्यम चौबे .नकुल बड़ोले . रघुनाथ सावल्दे ने हर्ष व्यक्त कर बधाईयां

# आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत विकासखंडों में ब्लॉक प्रोसेस लैब का आयोजन



नवभारत न्यूज

**खरगोन। आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों में ब्लॉक प्रोसेस लैब का आयोजन 12 सितम्बर तक किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में विकासखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा कलस्टर प्रभारी और ग्राम स्तरीय आदि कर्मयोगी, आदि सहयोगी तथा आदि साथी का अभियान से संबंधित सभी गतिविधियों के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशालाओं में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की भी सहभागिता रही है।**

सभी ब्लॉक प्रोसेस लैब में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रतिभागियों को जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में शासन की योजनाओं का सेवा, संकल्प और समर्पण की भावना से शत प्रतिशत लाभ योजनाबद्ध तरीके से पहुचाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशालाओं में ग्रामसभा स्तर पर 'आदि सेवा पर्व' के दौरान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली बैठकों की रूपरेखा तथा विलेज विजन प्लान 2030 तैयार करने के संबंध में जानकारी प्रदान की जा रही है।

महेश्वर, झिरन्या और भगवानपुरा विकासखंड में ब्लॉक लेवल ओरिएंटेशन 10 सितंबर को आयोजित किया गया था। जनपद पंचायत, महेश्वर; एकलव्य स्कूल ऑडिटोरियम, मारूगढ़ और जनपद पंचायत हाल, भगवानपुरा में 11 और 12 सितम्बर को ब्लॉक प्रोसेस लैब का संचालन किया जा रहा है।

खरगोन, सेगांव और गोगावां विकासखंड में भी 10 सितम्बर को ब्लॉक लेवल ओरिएंटेशन आयोजित किया गया था। खरगोन स्थित स्वामी विवेकानंद सभागृह, गोगावां स्थित जनपद पंचायत हाल और सेगांव स्थित जनपद पंचायत हाल में 11 से 12 सितम्बर तक ब्लाक प्रोसेस लैब का आयोजन किया जा रहा है।

### 29 गांव के प्रतिभागी शामिल हुए

भीकनगांव, कसरावद, बड़वाह विकासखंड का ब्लॉक लेवल ओरिएंटेशन 9 सितंबर को आयोजित किया गया था। भीकनगांव स्थित शासकीय महाविद्यालय हॉल, कसरावद स्थित सामुदायिक भवन और बड़वाह स्थित सेंट मेरी स्कूल में 10 और 11 सितम्बर को ब्लाक प्रोसेस लैब का संचालन किया गया है। कसरावद के ब्लॉक प्रोसेस लैब में 29 गांव के प्रतिभागी सम्मिलित हुए, जिसमें मास्टर ट्रेनर सुभाष यादव, उमा नरवरिया, वेरसिंह डावर, उमा यादव व प्रफुल्ल पटेल द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत सभागृह गोगांवा में कार्यशाला का शुभारंभ जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगा बाई मण्डलोई, नायब तहसीलदार श्री रामकृष्ण अहीरवार तथा जनपद सीईओ सुश्री शिवानी वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर चेंज लीडर राहुल पाध्ये, वीरेंद्र भालेकर, विजय पाटीदार, कैलाश पटेल एवं परसराम क्षेत्रे द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

## आगामी नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु प्रचार रथों को किया रवाना



नवभारत न्यूज

**मंडलेश्वर, निप्र। नेशनल लोक अदालत जिला मुख्यालय मंडलेश्वर एवं तहसील मुख्यालय खरगोन भीकनगांव सनावद बड़वाह कसरावद और महेश्वर न्यायालय में 13 सितम्बर शनिवार को आयोजित होगी।**

नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अखिलेश जोशी द्वारा प्रचार वाहनों को जिला न्यायालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री पंकज सिंह माहेश्वरी नेशनल लोक अदालत प्रभारी विशेष न्यायाधीश श्री मसूद एहमद खान जिला न्यायाधीश श्री सुजीत कुमार सिंह जिला न्यायाधीश श्री रवि झारोला जिला न्यायाधीश राजकुमार चौहान जिला न्यायाधीश दीपक चौधरी सचिव सुश्री प्रीति जैन न्यायाधीश मोहित बड़के न्यायाधीश सुश्री शिवांगनी भट्ट ,जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ विजय जोशी सचिव पुष्पेन्द्र गंगारेकर वरिष्ठ अभिभाषक संजीव मोयदे जी के पठान आर एस यादव अजय वर्मा एस एल यादव जितेन्द्र पटेल एल ए डी सी एस डिप्टी चीफ रूपेश शर्मा असिस्टेंट निशा कौशल विद्युत मंडल डिविजन कार्यालय के लीगल इंचार्ज गणेश बिडेर नगर पालिका अधिकारी कैलाश वर्मा पी एल वी दुर्गेश राजदीप जोजू मुरियाडन और पक्षकार उपस्थित रहे।

## एसटी, एससी छात्रों ने की लंबित छात्रवृत्ति की मांग, लेपटॉप योजना में मिले छूट

**खरगोन।** प्रदेश सहित जिले में अजा, अजजा वर्ग के विद्यार्थियों की पिछले दो शिक्षा सत्रों की लंबित छात्रवृत्ति राशि जारी करने की मांग उठी है। बुधवार को छात्र-छात्राएं एसडीएम कार्यालय पहुंचे, यहां राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए छात्रवृत्ति राशि जारी करने के आवास सहायता राशि और लेपटॉप योजना में अजा- अजजा वर्ग के विद्यार्थियों को राहत देने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

छात्रनेता भागीरथ खतवासे, अमन मकवाने, रुपाली सिसौदिया, सोनू कनासे आदि छात्र-छात्राओं ने बताया कि वह शहर की अलग-अलग शासकिय, निजी महाविद्यालयों, नर्सिंग कॉलेजों में अध्ययनरत होकर छात्र छात्रवृत्ति पाने के पात्र हैं, लेकिन उनकी छात्रवृत्ति की राशि दो से लंबित हैं। इस कारण हम आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और कई छात्रों को कर्ज लेकर अपनी पढ़ाई जारी रखनी पड़ रही है। इसके अलावा 12वीं उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को लेपटॉप योजना में 75 प्रतिशत की अनिवार्यता खत्म करते हुए 65 प्रतिशत अंक लाने वाले विद्यार्थियो को भी योजना का लाभ दिया जाए।

## बाड़े से चुराए थे बैल जोड़ी, दो गिरफ्तार



**खरगोन।** किसान के बाड़े से हुई बैल जोड़ी चोरी मामले में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 95 हजार रुपए किमत की बैल-जोड़ी बरामद की है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 8 सितंबर को चंपालाल निवासी ग्राम चित्रमोड ने थाना सनावद पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी की पशु बाड़े में बंधे दो बैल 6-7 सितंबर की दरमियानी रात चोरी हो गए है। जो तलाशने पर नही मिले। पुलिस ने किसान की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु की। गठित पुलिस ने मुखबिरों को सक्रिय कर हाट बाजारों में चोरी गये बैलो की जानकारी जुटाई, जिसमें ग्राम चित्रमोड का लालसिंह व इनपुन का मोहन दो बैल लेकर ग्राम धाबडिया के जंगल में तरफ ले जाने की सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां लालसिंह पिता दगडू उर्फ दगडिया और मोहन पिता चैनसिंह निवासी भोगावा थाना मान्धाता जिला खण्डवा बैल ले जाते नजर आए, रोककर बैलों के संबंध में पूछने पर उन्होंने चम्पालाल गुर्जर के बाड़े से रात्री में चोरी करना स्वीकार किया। दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर इनके कब्जे से 95 हजार रुपए कीमत की बैलजोड़ी बरामद कि है।

## इतिहास की सच्ची कहानी बयां करती है, द बंगाल फाइल्स : इंजी. मालवीय

### विहिप-बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने साथ देखी फिल्म, दी प्रतिक्रिया



नवभारत न्यूज

**खरगोन। विहिप/ बजरंग दल ने 1946 के ग्रेट कलकत्ता हत्याकांड और नोआखली दंगों की दुखद घटनाओं पर आधारित फिल्म द बंगाल फाइल्स का गुरुवार को कार्यकर्ताओं के लिए पूरा शो बुक कराया।**

डायवर्सन रोड़ स्थित टॉकिज पहुंचे विहिप जिला मंत्री विवेक तोमर, नगर अध्यक्ष हर्ष गुप्ता ने बताया शाम 4.30 बजे संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ माता. बहनें टॉकिज परिसर में एकत्रित हुए। यहां भारत माता के जयघोष के साथ टॉकिज में प्रवेश किया। शो शुरु होते ही परिसर भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयघोष से गूंज उठा। जिलाध्यक्ष इंजी. नितिन मालवीय ने बताया फिल्म सांप्रदायिक हिंसा और भारत के विभाजन की कड़वी सच्चाई उजागर करती है। इसमें दिखाए गए हर दृश्य पर कार्यकर्ता भावुक हो गए, कई महिलाओं की आंखों से आंसूओं की धारा बहने लगी। यह फिल्म न केवल हमारे इतिहास को बताती है बल्कि देश में स्वत्रंता के लिए हमारे पूर्वजों, महापुरुषों, महानायकों के बलिदान को भी प्रदर्शित करती है। नगर मंत्री सौरभ धामंडे ने बताया फिल्म कई मुद्दों को लेकर जागरूक करने का काम भी कर रही है, जिसे केवल मनोरंजन के लिए नही, बल्कि उस समय के हालातों को बयां करते हुए आगे के लिए सचेत रहना भी सिखाती है। इसी जागरुकता के उद्देश्य से सामुहिक रुप से फिल्म देखने पहुंचे थे। फिल्म का शो खत्म होने के बाद महिलाओं ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि खेर की एक्टिंग ने डाल दी जान। पश्चिम बंगाल में विभाजन के वक्त हुई क्रूर घटनाओं को कलाकारों ने अपने अभिनय से जिस तरह प्रदर्शन किया है, मानो हम उस समय के हालातों को महसूस कर रहे थे। अगर इतिहास जानना पसंद है, तो निश्चित ही ये फिल्म एक बार सभी को जरूर देखनी चाहिए।

## हरसिद्धिधाम कॉलोनी में मनाया जा रहा संजा पर्व, परंपरा से जोड़ रही नई पीढ़ी



नवभारत न्यूज

**कसरावद, निप्र।** सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के चलते आज के बच्चों में अपनी संस्कृति और लोक परंपराओं से दूर होने की चिंता के बीच हरसिद्धिधाम कॉलोनी की महिला मंडल ने संजा पर्व को जीवित रखने का प्रयास किया है। शिक्षिका भगवती बागदरे ने बताया कि पिछले दो वर्षों से यहाँ संजा पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। यह पर्व विशेष रूप से कुंवारी कन्याओं से जुड़ा हुआ है, जिसमें श्राद्ध पक्ष के दौरान सोलह दिन तक शाम को संजा माता के मंगलगीत गाये जाते हैं।

गीतों में निमाड़ी लोकधुनों की झलक मिलती है संझा नंनद को उचों नाक, छोटी सी गाड़ी लुढ़कती जाय जैसे गीतों के साथ श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहता है। महिलाएँ व कन्याएँ मिलकर हर शाम गीत गाकर लोक संस्कृति की धरोहर को आगे बढ़ा रही हैं। सोलह दिन पूरे होने पर सर्वपितृ अमावस्या पर संजा माता की बिदाई कर इस पर्व का समापन किया जाएगा। शिक्षिका भगवती बागदरे ने कहा कि बच्चों में संस्कार व संस्कृति की जानकारी देना आवश्यक है ताकि वे आधुनिक जीवन शैली के बीच अपनी जड़ों से जुड़ें रहें। महिला मंडल की इस पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है और अन्य मोहल्लों से भी इसे अपनाने की अपेक्षा की जा रही है।

## चालक की लापरवाही से चार पहिया वाहन घुसा चिकन दुकान में दो व्यक्ति घायल, बड़ा हादसा टला



नवभारत न्यूज

**गोगावा, निप्र।** गुरुवार दोपहर को खरगोन की ओर से आ रहा एक चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर वाहन यहा मौजूद एक फेमस चिकन सेंटर की दुकान में जा घुसा था जिससे की यहां मौजूद रवि पंवार 26वर्ष व अनस 14 वर्ष दोनो निवासी बजरंगपुर को मामूली चाटे आई है वही इससे दुकान को भी नुकसान पहुंचा है। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस भी पहुंच गई थी यहा मौजूद भीड़ को पुलिस ने नियंत्रित कर हटाया और चालक को थाने पर बैठा दिया था ।मालूम हुआ की चार पहिया वाहन क्रमांक एम पी 09 टी ए 9854 का चालक वाहन को खरगोन की ओर से बड़वाह लेकर जा रहा था तभी वाहन का चालक शांतिलाल पिता मंगत 47वर्ष निवासी सुर्वा वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया और शाहपुरा स्थित मदरसे के सामने रोड किनारे मुर्गी चिकन की दुकान में जा घुसा गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नही हुआ हालाकि चार पहिया वाहन ने यहा खड़ी एक बाइक को जरूर चपेट मे ले लिया है वही दो व्यक्ति घायल भी हुए हैं। मौके पर मौजूद लोगो ने चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था घायल दोनो युवकों का डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी है वही चालक को अभिरक्षा में लेकर उसका मेडिकल कराया जहां से उसे डाक्टरों ने खरगोन रेफर कर दिया है उधर समाचार लिखे जाने तक थाने पर फिलहाल कोई भी शिकायत दर्ज नही हुई है। बताया जा रहा है कि वाहन जिला पंचायत खरगोन में अटैच होकर बड़वाह जा रहा था तभी यह हादसा हुआ है।

**एक नजर में** — अपर कलेक्टर और नगर पालिका अध्यक्ष ने टॉपर विद्यार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए

## मुख्यमंत्री नि:शुल्क स्कूटी प्रदाय योजना के अंतर्गत जिले के 175 विद्यार्थियों को मिला हितलाभ



नवभारत न्यूज

**खरगोन। जिले के 175 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री नि:शुल्क स्कूटी प्रदाय योजना के अंतर्गत हितलाभ राशि प्रदान की गई। देवी अहिल्या शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक. 1 में आयोजित कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर और नगर पालिका अध्यक्ष छाया जोशी ने टॉपर विद्यार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए।**

जोशी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को उनके परिश्रम के आधार पर स्कूटी हितलाभ मिला है, जिसे देखकर दूसरे विद्यार्थी भी प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि सभी छात्रों को इतनी मेहनत करनी चाहिए कि वे अपने माता-पिता, शिक्षक और जिले का नाम रोशन कर सके।

इस अवसर पर भोपाल से राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शासकीय विद्यालयों में वर्ष 2024-25 के लिए 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान अर्जित करने वाले 7832 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को नि:शुल्क स्कूटी वितरण तथा 20 लाख से अधिक बालिकाओं को सैनिटेशन एवं हाइजीन के लिए 61 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री बापू सिंह परिहार सहित अधिकारीगण, शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित थे।

### पात्रता और शर्तें बताई

मुख्यमंत्री नि:शुल्क स्कूटी प्रदाय योजना के अंतर्गत ऐसे विद्यार्थी पात्र होते हैं जिन्होंने प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में नियमित विद्यार्थी के रूप में अध्ययन कर माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हायर सेकेण्ड्री परीक्षा में टॉप किया है। बालिका विद्यालय की दशा में स्कूल की टॉपर एक बालिका को, बालक विद्यालय होने की दशा में एक टॉपर बालक को एवं को-एड विद्यालय की दशा में स्कूल की एक टॉपर बालिका एवं एक टॉपर बालक को स्कूटी प्रदान किए जाने का प्रावधान है।